तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026

14 प्रैक्टिसिंग प्राथमिक शाला के शताब्दी वर्ष समारोह की...



14 दूरदर्शन ने हल्बा जनजाति के दुर्लभ धनकुल...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

# हरी सब्जियों और घरेलू गैस के बढ़ते दामों ने बिगाड़ा परिवारों का मासिक बजट

*लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की रसोई का स्वाद फीका कर दिया है। हरी सब्जियों से लेकर घरेलू गैस सिलेंडर तक की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। घर का मासिक बजट संभालना अब आम परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। बाजारों में रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, उससे लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**रसोई का स्वाद फीका, जेब पर भारी महंगाई**

जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बाजारों में सब्जियों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। टमाटर 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है, जबकि हरी मिर्च 80 से 90 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही है। इसके अलावा धनिया पत्ती, गोभी, भिंडी, करेला, बैंगन, तोरई और मूली जैसी आवश्यक सब्जियों के दाम भी आम उपभोक्ताओं की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जिन सब्जियों को कम कीमत में खरीदा जा सकता था, अब उन्हें खरीदने के लिए जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ रही है। सब्जियों की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ घरेलू गैस सिलेंडर के दामों ने भी लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। गृहिणियों का कहना है कि रसोई का खर्च पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। मध्यम वर्गीय परिवारों के अनुसार, कुछ महीने पहले जितने पैसे में सप्ताहभर की सब्जियां आ जाती थीं, अब उतनी राशि में मुश्किल से दो-तीन दिन का सामान ही मिल पा रहा है। बढ़ते खर्च के कारण कई परिवारों ने भोजन में सलाद, चटनी और अन्य अतिरिक्त व्यंजनों की मात्रा कम कर दी है। मंहगाई की इस दोहरी मार से परेशान नागरिकों ने प्रशासन से बाजार में कीमतों की निगरानी और नियंत्रण की मांग की है।



**» *सप्ताहभर के बजट में अब केवल तीन दिन का गुजारा***

### › कीमतों पर नियंत्रण ही नहीं

*स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाजारों में कीमतों पर किसी का नियंत्रण नहीं दिख रहा है। व्यापारियों द्वारा मनमाने तरीके से दाम वसूले जा रहे हैं, जिसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाजार में कीमतों की निगरानी करें। नागरिकों का मानना है कि यदि सब्जियों की कालाबाजारी और मनमानी कीमतों पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आम लोगों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### आमागुहान मेले में नौका झूले का होगा आकर्षण

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक आमागुहान मेला का आयोजन 13 एवं 14 जून को किया जाएगा। मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की सुविधा के लिए सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग एवं स्वच्छता की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम गायता रमेश देहारी ने बताया कि आमागुहान मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का हिस्सा है। उप सरपंच बीरेंद्र देहारी ने कहा कि नई व्यवस्थाओं और इस वर्ष मेले में पहले से अधिक भीड़ पहुंचने की संभावना है।

### नवीन शिक्षा सत्र को लेकर रूपरेखा तैयार



**दुर्गुकोंदल।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 एवं शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बीआरसी कार्यालय दुर्गुकोंदल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय व्यवस्था, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण सहित शाला प्रवेश उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश दिए गए। पाठ्यपुस्तक वितरण के बाद सभी विद्यालयों में पुस्तक कवर तिहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 16 जून से पाठ योजना तैयार करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कालखंड निर्धारित करने, प्रेयर टुगेदर, माता सम्मान कार्यक्रम तथा डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने पर बल दिया गया।

### प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित उत्तर जारी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल आंसर जारी किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह परीक्षा 10 मई 2026 (रविवार) को आयोजित की गई थी और 20 मई को मॉडल आंसर जारी किया गया था।

### लाइवलीहुड कॉलेज में काउंसिलिंग आज से

**कांकेर।** जिला कांकेर क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर एवं हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में नए कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की जा रही है। इस सत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण कोर्सों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग 11 जून से शुरू होकर 14 जून तक चलेगा। कॉलेज प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान सत्र में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट तथा मेडिकल रिकॉर्ड एंड हेल्थ टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है।

## आस्था : पांच साल बाद ससुर-दामाद अपने परिजनों के साथ मूल धर्म में लौटे

# चोरिया में धार्मिक आस्था की अनूठी मिसाल मतांतरित परिवार ने अपनाई पुरखों की राह

*सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम चोरिया में मंगलवार को एक परिवार द्वारा अपने मूल धर्म में वापसी करने का मामला चर्चा का विषय बना रहा। करीब पांच वर्ष पूर्व ईसाई धर्म अपनाने वाले ससुर, उनकी बेटियां और दामाद ने गांव के शीतला मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने मूल धर्म में वापसी किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत कर सामाजिक स्वीकार्यता का संदेश दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार ग्राम चोरिया निवासी घुरावाराम नेताम ने लगभग पांच वर्ष पूर्व अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ ईसाई धर्म स्वीकार किया था। मंगलवार को उन्होंने अपनी पुत्रियों साधना नेताम एवं कुमकुम नेताम तथा दामाद गौतम कुंजाम और उनकी पत्नी पल्लवी कुंजाम के साथ गांव स्थित शीतला मंदिर पहुंचकर माता शीतला की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान श्रीफल अर्पित कर परिवार ने अपने मूल धर्म में लौटने की घोषणा की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद गांव के लोगों ने परिवार का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। शीतला समिति के अध्यक्ष सेवक राम कोर्राम, ग्राम पटेल सियाराम शोरी, हरक नेताम, गौंचंद नेताम, किशुन मंडावी और गंजन कोर्राम सहित अन्य ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पीला चावल लगाकर और शुभकामनाएं देकर परिवार का अभिनंदन किया तथा उन्हें समाज में पुनः सम्मानपूर्वक स्वीकार करने की बात कही। गांव के वरिष्ठजनों ने कहा कि परिवार ने अपनी इच्छा से अपने पूर्वजों की परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं को अपनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत आस्था और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा विषय बताते हुए सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने परिवार के सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना की। गांव में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और पूरे कार्यक्रम का माहौल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बना रहा।

**शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सामाजिक एकता और सौहार्द्र का दिया संदेश**



**पूर्वजों की परंपराओं से जुड़ने का लिया संकल्प समाज ने खुले दिल से किया स्वीकार**

### समाज ने अपनाया, गांव में खुशी की लहर

*ग्राम प्रमुखों ने कहा कि भटके हुए अपनों को वापस गले लगाना हमारी संस्कृति की पहचान है। इस परिवार के लौटने से गांव का सामाजिक ताना-बाना और मजबूत हुआ है। ग्रामीणों ने खुलकर इस फैसले की सराहना की और पूरे परिवार को आश्वस्त किया कि वे समाज का अभिन्न हिस्सा थे और हमेशा रहेंगे। इस शुद्धि और घर वापसी कार्यक्रम के बाद पूरे चोरिया गांव में उत्साह और उत्सव का माहौल देखा जा रहा है।*

### सामाजिक सद्भाव बनाने की अपील

*गांव के वरिष्ठजनों ने कहा कि परिवार ने अपनी स्वेच्छा से अपने पूर्वजों की परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और धार्मिक मान्यताओं को पुनः अपनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत आस्था और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा विषय बताते हुए सभी लोगों से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। ग्रामीणों का कहना था कि समाज का दायित्व लोगों को जोड़ना है और परस्पर सम्मान एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना ही हमारी परंपरा रही है।*

### शीतला मंदिर में हुई विधि-विधान से पूजा

*जानकारी के अनुसार ग्राम चोरिया निवासी घुरावा राम नेताम ने अपनी बेटी और दामाद के साथ करीब पांच साल पहले ईसाई धर्म अपना लिया था। लेकिन समय के साथ उन्हें अपनी संस्कृति और जड़ों की कमी महसूस होने लगी। आखिरकार, इस परिवार ने अपने मूल धर्म में लौटने का दृढ़ निश्चय किया।*

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना बांदे क्षेत्र में तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सांवेर निवासी दामजी तोप्पा ने थाना बांदे में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका पुत्र राहुल तोप्पा 1 जून को अपने मित्र अमित सलाम के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 18 क्यू 8266 से कपड़े खरीदने बांदे बाजार गया था। उसी दिन रात लगभग 8 बजे उन्हें फोन के माध्यम से सूचना मिली कि बांदे बाजार स्थित अटल चौक के पास मुख्य मार्ग पर राहुल की बाइक को एक अन्य मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी। बताया गया कि बांदे बस स्टैंड की ओर से आ रहा मोटरसाइकिल चालक श्याम प्रसाद डे अपने वाहन को तेज रफ्तार, लापरवाही एवं उपेक्षापूर्ण ढंग से चला रहा था। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### युवक के हथेली व चेहरा जख्मी

*इसी दौरान उसने राहुल तोप्पा की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में राहुल के दोनों हाथों की हथेलियों, चेहरे, सिर तथा बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल राहुल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे धमतरी स्थित अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार कराया गया।*

**टोरा ग्रामीणों की अतिरिक्त आय का प्रमुख साधन**

## टोरा संग्रह से चमक रही ग्रामीणों की किस्मत, जंगलों से मिल रहा रोजगार

**» *इस कार्य में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शादी-विवाह के सीजन की रौनक थमते ही बस्तर अंचल के ग्रामीणों की गतिविधियां एक बार फिर जंगलों की ओर बढ़ गई हैं। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के वन क्षेत्रों में इन दिनों बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे जंगलों से टोरा संग्रहण में जुटे हुए हैं। यह लघु वनोपज ग्रामीण परिवारों की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बन गई है।

गर्मी के मौसम में जंगलों में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होने वाला टोरा ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आय का प्रमुख साधन है। सुबह होते ही परिवार के सदस्य जंगलों का रुख करते हैं और दिनभर टोरा एकत्रित करने में लगे रहते हैं। संग्रहित टोरा को घर लाकर पारंपरिक तरीकों से सुखाया जाता है तथा उसके बीज अलग किए जाते हैं। इसके बाद बीजों को बिक्री के लिए तैयार किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-किसानी के अलावा टोरा संग्रहण उनके लिए आर्थिक संबल का काम करता है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु से पहले का यह समय उन्हें अतिरिक्त आमदनी उपलब्ध कराता है। टोरा से प्राप्त राशि का उपयोग परिवार के दैनिक खर्च, बच्चों की पढ़ाई, कृषि कार्यों की तैयारी और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में किया जाता है। इस कार्य में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। महिलाएं टोरा चुनने, सुखाने और बीज निकालने का कार्य बेहद मेहनत और धैर्य के साथ करती हैं। ▶▶| शेष पेज 12 पर



### महुआ फल को कहते हैं टोरा

*वनांचल क्षेत्रों में महुआ के पेड़ के फल को स्थानीय भाषा में 'टोरा' कहा जाता है। महुआ फूलों का मौसम समाप्त होने के बाद मई और जून माह में पेड़ों पर हरे रंग के फल लगते हैं, जिन्हें टोरा या महुआ बीज के नाम से जाना जाता है। पकने के बाद ग्रामीण इन्हें जंगलों से एकत्रित कर सुखाते हैं और बीज निकालते हैं। टोरा ग्रामीण परिवारों के लिए आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके बीजों का उपयोग तेल निर्माण, औषधीय उत्पादों तथा विभिन्न उद्योगों में किया जाता है।*

## सार्वजनिक शराबखोरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा नगर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चारामा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सब्जी मंडी के पास खुलेआम शराब पी रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून को थाना चारामा की पेट्रोलिंग टीम नगर भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चारामा बाजार स्थित सब्जी मंडी के समीप कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस को देखकर वहां मौजूद कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम वार्ड क्रमांक 6 चारामा निवासी 40 वर्षीय शिवलाल उईके पिता स्वर्गीय सामद राम उईके तथा नयापारा बारगरी निवासी 30 वर्षीय विनोद नायक पिता कुमान नायक बताया। मौके से पुलिस ने शराब सेवन में प्रयुक्त डिस्पोजल गिलास एवं शोले प्लेन देशी मदिरा की तीन खाली शीशियां जब्त कीं। दोनों आरोपियों के मुंह से शराब की गंध आने पर उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। डॉक्टर द्वारा परीक्षण के दौरान दोनों के शराब सेवन करने की पुष्टि की गई। ▶▶| शेष पेज 12 पर



## घर का ताला तोड़कर अलमारी से सोने का लॉकेट, टॉप्स और नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला ग्राम कराठी नयापारा का है, जहां अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे, जिसका फायदा उठाकर चोर ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और घर के भीतर रखी कीमती वस्तुएं चोरी कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कराठी निवासी 36 वर्षीय भुनेश्वर भैंसारा पिता शोभित राम भैंसारा ने भानुप्रतापपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार 9 जून को सुबह करीब 11 बजे वह अपने काम पर चला गया था। उसकी पत्नी दीपेश्वरी भैंसारा भी किसी आवश्यक कार्य से बाहर गई हुई थी, जबकि दोनों बच्चे भी अपने-अपने काम से घर से बाहर थे। घर पूरी तरह सूना था। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जब दीपेश्वरी भैंसारा वापस घर पहुंची तो उसने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। आशंका होने पर जब वह घर के अंदर गई और सामान की जांच की तो अलमारी में रखे सोने के जेवरात और नगदी गायब मिले। ▶▶| शेष पेज 12 पर



*मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू*

## डिजिटल हुआ राशन कार्ड सिस्टम, नागरिकों को मिलेगी बड़ी राहत

# नया कार्ड बनवाने से लेकर सदस्य जोड़ने और विलोपन तक सभी कार्य होंगे घर बैठे

*राशन कार्ड बनवाने, उसमें नए सदस्यों का नाम जोड़ने या किसी सदस्य का नाम हटाने के लिए अब लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राशन कार्ड से जुड़ी अधिकांश सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद नागरिक घर बैठे ही आवेदन कर सकेंगे और पूरी प्रक्रिया की जानकारी भी ऑनलाइन प्राप्त कर पाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को जारी निर्देशों के अनुसार अब नए राशन कार्ड जारी करने, सदस्यों के नाम जोड़ने तथा विलोपन संबंधी आवेदन सेवा-सुविधा (ई-डिस्ट्रिक्ट) पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इससे नागरिकों का समय और श्रम दोनों की बचत होगी तथा प्रशासनिक कार्यों में भी गति आएगी। नई व्यवस्था के तहत आवेदन प्राप्त होने के बाद अधिकृत अधिकारी आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और पात्रता की जांच करेंगे। सत्यापन पूर्ण होने के पश्चात संबंधित जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी और डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से स्वीकृतकर्ता अधिकारी को भेजी जाएगी। अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद निर्धारित मानकों के अनुरूप राशन कार्ड जारी किया जाएगा। सरकार का मानना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाने से आवेदन से लेकर कार्ड जारी होने तक की पूरी प्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनेगी। इससे फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी। हालांकि, शहरों में पार्षदों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित मैन्युअल प्रक्रिया भी फिलहाल जारी रहेगी, जिससे तकनीकी सुविधाओं से वंचित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।




*डिजिटल सत्यापन और ऑनलाइन जारी होंगे कार्ड आम लोगों का समय और मेहनत दोनों बचेंगे*

### डिजिटल सुशासन को मिलेगा बढ़ावा

*गौरतलब है कि राशन कार्ड से जुड़े कार्यों में लोगों को अक्सर लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया और कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। ऐसे में ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल सत्यापन और डाउनलोड योग्य राशन कार्ड की नई व्यवस्था आम नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। सरकार की यह पहल डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सार्वजनिक सेवाओं को अधिक जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।*

### ऑनलाइन जनरेट राशन कार्ड

*राशन कार्ड भी अब ऑनलाइन जेनरेट होगा। संबंधित अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर के बाद राशन कार्ड पीडीएफ के रूप में जारी किया जाएगा, जिसे कार्यालय, लोक सेवा केंद्र अथवा स्वयं हितग्राही पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। सरकार के निर्देशों के मुताबिक कार्ड में मिलने वाले खाद्यान्न और अन्य सुविधाओं का जीवंत मूल्यांकन भी किया जाएगा। यह प्रक्रिया "मोर राशन कार्ड" और "ई-केवाईसी" के माध्यम से पूरी की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। केशकाल तहसील के ग्राम जरहीडिही कोरगांव निवासी मनाय की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। प्रकरण राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के तहत स्वीकृत किया गया। मृतक के पुत्र अजय कुमार, विजय, राजकुमार, श्रवण एवं मनदलाल को कुल 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को सहायता राशि वारिसों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शासकीय कर्मचारी संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**धमतरी।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु 10 जून को शाम 4 बजे मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, नियमितीकरण, सेवा संबंधी लाभ एवं अन्य महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के लिए पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थित होने की अपील नंदकिशोर साहू, अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा, कृष्णाराम साहू संरक्षक, लोकेश साहू सचिव, संतोष दीवान, नविता तिवारी उपाध्यक्ष सदाशिव राव, किशोर साहू, हेमंत साहू, दुर्गाप्रसाद मिश्रा, ज्ञानेश्वर गुप्ता ने की है।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 को

**धमतरी।** तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 जून को रूद्री में होगी। बैठक सुबह 10 बजे से शुरू होगी, जिसमें संघ से जुड़े विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में संगठन की गतिविधियों, सामाजिक कार्यों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय किए जाने की संभावना है। तहसील पटेल संघ के सचिव केशकुमार सोनकर ने संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**धमतरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मगरलोड में एकवर्षीय एवं द्विवर्षीय व्यवसाय में प्रवेश के लिए 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मगरलोड में कोपा, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार तथा फिटर में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आईटीआई मगरलोड में सम्पर्क अथवा विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### बस स्टैंड के पास मृत मिला अधेड़

**धमतरी।** सोमवार की शाम बस स्टैंड के पास एक अधेड़ व्यक्ति मृत मिला। उसकी पहचान संबलपुर निवासी के रुप में की गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर निवासी ओम राव पिता गोपाल उम्र 53 वर्ष ट्रक चलाने का काम करता था। अधेड़ ने दो साल से ट्रक चलाना छोड़ दिया है। अधेड़ रोजाना शराब पीने के लिए धमतरी की शराब दुकान आता था। वह सोमवार की शाम बस स्टैंड के पास अचेत हालत में पाया गया।

# जल-जंगल-जमीन और सामाजिक न्याय की लड़ाई के महानायक थे बिरसा मुंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बहुजन नायक, आदिवासी अस्मिता के प्रतीक एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा कोर्ट चौक स्थित संस्था कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं प्रबुद्धजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के नेता नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई के महान योद्धा थे। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए अंग्रेजी शासन और शोषणकारी व्यवस्थाओं के खिलाफ ऐतिहासिक उलगुलान का नेतृत्व किया था। वक्ताओं ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महापुरुषों के संघर्ष, विचारों और उनके वास्तविक इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि समाज में जागरूकता और सामाजिक चेतना का विस्तार हो सके। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक पंचू सागर, शुधराम मरकाम, प्रमोद भारती, संस्था अध्यक्ष भुवनलाल मार्कंडेय, बामसेफ अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, देवानंद चौरे, मुकेश मार्कंडेय, अनुज नाहरिया, हरीश देवांगन, देवेंद्र कुमार देहार, विजय साहू, रमेश, संजय, अंकुश सहित अनेक सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



### शिक्षा, समता और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के सपनों के समाज के निर्माण के लिए शिक्षा, समता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के मूल्यों को मजबूत करना आवश्यक है। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक जागरूकता और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और सामाजिक न्याय की प्रेरणादायक गाथा है। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराते रहेंगे।

समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता तथा समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण एवं निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रें तक स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। आगामी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर व्यापक तैयारी करने तथा सभी अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत निरक्षर व्यक्तियों के पंजीयन और उन्हें साक्षर बनाने के अभियान में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, लखपति दीदी योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्योंर् की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और विभागवार प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।

## जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई एवं निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत तेंदूभाटा निवासी देशराम वट्टी ने पेयजल सुविधा के लिए सोलर ड्यूल पंप स्थापित करने की मांग की। वहीं ग्राम हांदापाल निवासी हरिचंद्र मंडावी ने नलकूप खनन कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम बाईबेड़ा निवासी हड़मो मरकाम ने अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग रखी। ग्राम सिरसी कलार निवासी बिहारी लाल बघेल एवं लच्छूराम बघेल ने वन अधिकार पत्र प्रदान किए जाने की मांग की। ग्राम मलाकोट निवासी गीता नेताम ने पाइपलाइन सुधार कार्य तथा हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में बाउंड्री वॉल निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया। कोण्डागांव के बाजारपारा निवासी पुनम सोनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त जारी करने तथा आधार कार्ड में नाम सुधार कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## लैम्प्स में खाद भंडारण और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

एसडीएम आकांक्षा नायक ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र के विभिन्न लैम्प्स का निरीक्षण कर खाद भंडारण एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान किसानों की आवश्यकता के अनुरूप खाद की उपलब्धता एवं भंडारण की स्थिति का परीक्षण किया गया। जांच में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। एसडीएम ने समिति प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को किसानों को निर्धारित दरों पर खाद उपलब्ध कराने तथा वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित खाद के मूल्य, वितरण संबंधी दिशा-निर्देश एवं आवश्यक सूचनाओं को प्रमुख स्थान पर चस्पा करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसानों को आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके।

### नियमित निगरानी की जारी

जिला प्रशासन द्वारा किसानों को समय पर कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा खाद वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



## उद्यमियों को बिज़नेस डेवलपमेंट सपोर्ट कार्यक्रम का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

केंद्र सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार से जोड़ने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज स्थानीय ट्रेनिंग हॉल में सपोर्ट मार्केट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों पुरुष एवं महिला संचालित एमएसएमईएस को बाजार विकास हेतु आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी एवं मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन तथा निर्यात के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में 35 प्रतिभागी समिलित हुए। मास्टर ट्रेनर अंकित मिश्रा, जिला कोऑर्डिनेटर लोकेश सिन्हा, राजेन्द्र साहू पीआरपी भी उपस्थित रहे।

### इन विषयों पर दी जानकारी

कार्यशाला के दौरान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के मेलों-प्रदर्शनी में भागीदारी की प्रक्रिया उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग में सुधार गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, बीटूबी एवं बीटूसी मार्केट लिंकज के अवसर, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया, प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया।

## एमआरपी से ज्यादा वसूली, बोतलों में मिलावट और एक्सपायर्ड बीयर की बिक्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जिला कांग्रेस ने अनियमितताओं की शिकायत पर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिला कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जगदलपुर आबकारी विभाग एवं शराब दुकानों में हो रही गंभीर अनियमितताओं की शिकायत को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शहर स्थित शासकीय शराब दुकानों एवं आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली से आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। जिला महामंत्री जाहिद हुसैन ने कहा कि शहर की शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक दाम पर दारू बेची जा रही है। साथ ही दुकान के अंदर कर्मचारी बोतलों में पानी, अन्य चीज मिलाकर मिलावट कर रहे हैं। ग्राहकों को दी जाने वाली बोतलों से लीकेज हो रहा है। अधिकतर बोतलों के ढक्कन ढीले पाए जाते हैं, जिससे गुणवत्ता पर संदेह है। कंगोली स्थित शासकीय शराब भट्टी से लगातार बड़ी मात्रा में गांव वालों को ब्लैक में दारू बेची जा रही है। इससे अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है। एक्सपायरी हो चुकी बियर को मार्केट में जबरन खपाया जा रहा है, जो जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। जाहिद ने कहा कि दुकान संचालकों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों से अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज की जाती है। आबकारी कार्यालय में बैठकर ऑन-ड्यूटी कार्यरत आबकारी विभाग के कर्मचारी शराब का सेवन करते हैं, जो शासकीय नियमों का खुला उल्लंघन है। कांग्रेस सभी बिंदुओं की जांच साथ ही दोषी कर्मचारियों एवं दुकान संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है ।

### इनकी रही मौजूदगी

साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सख्त निर्देश जारी किया जाएं। इस दौरान महामंत्री अनुराग महतो, पार्षद शुभम यदू, लोकेश चौधरी, शहजाद हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना की प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2026–27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तरीय लिखित चयन परीक्षा 05 जुलाई 2026, रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा जिला मुख्यालय के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी। पात्रता की प्रमुख शर्तें योजना के तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थी को कोण्डागांव जिले का निवासी होना चाहिए। वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का स्थायी जाति प्रमाणपत्र धारक हो। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पात्र छात्र–छात्रएं आवेदन पत्र, दो पासपोर्ट फोटो, प्रगति पत्र, पालक की सहमति, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र संबंधी प्रमाण सहित 20 जून तक अपने विद्यालय में जमा कर सकते हैं। शाला प्रमुख और बीईओ कार्यालय की जिम्मेदारी विद्यालय स्तर पर आवेदन जांचने के बाद शाला प्रमुख उन्हें 22 जून तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। इसके बाद बीईओ कार्यालय सूची एवं आवेदन की हार्डकॉपी और सॉफ्टकॉपी 24 जून तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कोण्डागांव को भेजेगा।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष का कार्यकाल होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व के 12 साल गौरव का विषय : वेदप्रकाश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने दंतेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। कार्यकर्ताओं ने मांईजी के मंदिर में शीश नवा कर प्रधानमंत्री स्वास्थ्य व दीघार्यु होने एवं समस्त देशवासियों की कुशलता, सुख समृद्धि, उन्नति के लिये मंगलकामना की और आशीर्वाद पाया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हम सभी के लिये यह गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस अवसर पर आज भाजपा कार्यकतार्ओं द्वारा मांई दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अनुष्ठान किया गया और प्रधानमंत्री व देश सहित 140 करोड़ देशवासियों की कुशलता समृद्धि के लिये कामना की गयी। उन्होंने प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल को अभूतपूर्व बताते हुये उन्हें बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, खेम सिंह देवांगन, परिस राम बेसरा, आर्येंद्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, रंजीत पांडे, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, निर्मल पाणिग्रही, रोहित त्रिवेदी, आशा साहू,माहेश्वरी ठाकुर,संजय विश्कर्मा, हरीश पारेख, बिजली बैद, संग्राम सिंह राणा, अविनाश गौतम, सूर्यभूषण सिंह, शशिनाथ पाठक, राजपाल कसेर, पूनम सिन्हा,रेखा सिंह,शोभा राव, देवश्री भंडारी, अलका सेंगर, अनीता पटेल,दिगम्बर राव, राजा यादव, श्याम सुंदर बघेल, नवीन बोथरा, पारुल बोथरा, पितामह नायक, संतोष गौर, गीता नाग,किरण दीवान, पुष्पा तिवारी, नीलम यादव, मयंक दीवान, शेखर साहू, जीपी यादव,रीता राठौर,सुलोचना भारती, ढाकेश्वरी पांडे,रोशन सिसोदिया, लक्ष्मी कश्यप, पप्पू कश्यप, कौशल्या यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नैनो डीएपी और नैनो यूरिया से बदली खेती की तस्वीर

# प्रगतिशील किसान दुखाराम ने बढ़ाया उत्पादन, घटाई लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि आदानों के उपयोग से किसानों की आय और उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिटेचुवा के प्रगतिशील किसान दुखा राम मरकाम ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के सफल उपयोग से खेती में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनके अनुभव अब क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। 15 एकड़ कृषि भूमि में खेती करने वाले दुखा राम मरकाम पिछले दो वर्षों से अपने खेतों में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इन उर्वरकों के छिड़काव से पोषक तत्व सीधे पौधों तक पहुंचते हैं, जिससे फसलों की वृद्धि बेहतर होती है और उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है। दुखा राम मरकाम के अनुसार पहले वे प्रति एकड़ लगभग 50 किलोग्राम दानेदार डीएपी का उपयोग करते थे, जिस पर करीब 1850 रुपये का खर्च आता था और औसत उत्पादन 10 से 15 क्विंटल प्रति एकड़ प्राप्त होता था। नैनो डीएपी अपनाने के बाद दानेदार उर्वरकों की आवश्यकता लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गई है। वर्तमान में वे प्रति एकड़ केवल दो बोतल नैनो डीएपी का उपयोग करते हैं, जिस पर लगभग 1200 रुपये का खर्च आता है। इसके परिणामस्वरूप धान का उत्पादन बढ़कर 15 से 20 क्विंटल प्रति एकड़ तक पहुंच गया है।

### 30 प्रतिशत तक बढ़ा उत्पादन

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से उत्पादन में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि उर्वरक लागत में करीब 50 प्रतिशत तक कमी आई है। इससे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिल रहा है और खेती अधिक लाभकारी बन रही है।



### वैज्ञानिक पद्धति से मिला बेहतर परिणाम

किसान मरकाम बताते हैं कि धान रोपाई के लगभग 30 दिन बाद नैनो उर्वरकों का पहला छिड़काव किया जाता है तथा आवश्यकता अनुसार 50 से 60 दिनों के बीच दूसरा छिड़काव किया जाता है। इस पद्धति से फसल की बढ़वार अच्छी होती है, पौधे अधिक स्वस्थ बनते हैं तथा जड़ों और बालियों का विकास बेहतर होता है।

## पेज 11 के शेष

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर...

वर्तमान में राहुल अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है, लेकिन चोटों के कारण अभी भी चलने-फिरने में असमर्थ बताया जा रहा है। शिकायत के आधार पर थाना बांदे पुलिस ने आरोपी चालक श्याम प्रसाद डे के विरुद्ध धारा 281 एवं 125(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### टोरा संग्रह से चमक रही ग्रामीणों...

कई गांवों में पूरा परिवार मिलकर इस कार्य में भाग लेता है, जिससे संग्रहण प्रक्रिया तेज और प्रभावी बन जाती है। यही वजह है कि इन दिनों गांवों में घर-घर टोरा सुखाने और बीज निकालने का दृश्य देखने को मिल रहा है। संग्रहण के बाद टोरा को स्थानीय व्यापारियों और खरीदारों के माध्यम से बाजार तक पहुंचाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार बाजार में इसकी अच्छी मांग बनी रहती है, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है। वन उपज विशेषज्ञ बताते हैं कि टोरा का उपयोग औषधीय उत्पादों, तेल निर्माण और अन्य उपयोगी वस्तुओं के निर्माण में किया जाता है। यही कारण है कि इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

### सार्वजनिक शराबखोरी के खिलाफ...

मेडिकल रिपोर्ट एवं घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर चारामा पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### घर का ताला तोड़कर अलमारी...

अज्ञात चोर घर में घुसकर लगभग 3.2 ग्राम वजनी सोने का लॉकेट कीमत 16 हजार 80 रुपए, 1.38 ग्राम वजनी सोने का कान का टॉप्स कीमत 6 हजार 999 रुपए तथा करीब 9 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गया। चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत 32 हजार 79 रुपए बताई गई है। शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 305(ए) एवं 331(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

**खबर संक्षेप**

## मृतक के परिजन को 45 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा नक्सली हिंसा में किसी आम नागरिक के मृत्यु, शारीरिक रूप से निःशक्त होने, गंभीर रूप से घायल होने अथवा किसी व्यक्ति की सम्पति की आंशिक या पूर्ण रूप से क्षति होने या हत्या के ऐसे प्रकरणों में जिसमें किसी कारण वश शासकीय सेवा प्रदाय नहीं किया जा सकता ऐसे नक्सलवाद पीड़ित परिवारों को शासकीय सेवा के एवज में 15 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदाय करने स्वीकृत किया गया है। जिसमें से मृतक माड़वी केसा के निकटतम वारिस उनके भाई कोसा माड़वी, मृतक कुड़ियम सुक्कू के निकटतम वारिस उनकी बहन कुमारी अंजनी कुड़ियम एवं मृतक जुन्गू मोड़ियम के निकटतम वारिस उनकी पत्नी पायकी मोड़ियम को 15-15 लाख रूपए कुल तीन पीड़ितों के परिजनों को 45 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

## खरीफ फसल की तैयारी के लिए हुई कार्यशाला

**बीजापुर।** कृषि अनुसंधान एवं विस्तार क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए जिला बीजापुर मे जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र में मासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी, केंद्र के अन्य विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शमशेर आलम पादप रोग विज्ञान, डॉ. राजकमल पटेल शस्य विज्ञान, डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. सुनीता पटेल एवं भूपेंद्र कुमार तथा साथ ही साथ जिले के मैदानी कृषि अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, डीवाई प्रोजेक्ट डायरेक्टर उषा नाग, बीटीएम, एटीएम उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिको ने कृषि से सम्बंधित समसामायिक खरीफ ऋतु से संबंधित विषयों पर चर्चा कर कृषिगत समस्या के समाधान हेतु उपाय बतलाये साथ ही प्राकृतिक खेती, ग्रीन मैन्युरिंग, फर्टिलाइजर अवेयरनेस, कीट एवं रोगों का जैविक प्रबंधन तथा नील हरित शैवाल उत्पादन के बारे मे अधिकारियों को बतलाया गया ताकि वैज्ञानिक की तकनिकी विशेषज्ञता और जमीनी स्तर पर मजबूत पहुंच बन सके और इसका उपयोग बेहतर तरीके से किसानों के बीच मे किया जा सके।

# देव बालिफूल की परंपरा संजो कर रखें: विधायक

**संस्कृति को आगे बढ़ाने का जिम्मा युवाओं का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



जनजातीय बहुल बस्तर में मेलमिलाप और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने मित्र बनाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। व्यक्ति व्यक्ति से मीत बदता है बालिफूल

■ **बस्तर और ओडिशा के दो गांवों के बीच अनूठा है देव बालिफूल का रिश्ता**

बदता है पर सबसे आकर्षक जुगलबंदी तब होती है जब एक पूरा का पूरा गांव मीत बनता है बालिफूल होता है। जब दो गांव आपस में मीत या बालिफूल बांध लेते हैं गांव के हर सुख-दुख, त्योहार, मेला मड़ई में सामुहिक सहभागिता करते हैं पर बात इतनी भी नहीं है, सन्धकरमरी के देवी-देवताओं ने सीमापार ओडिशा के मोतीगांव के देवी-देवताओं से बालिफूल बांध रखा है, इससे पता चलता है कि यह कितनी पौराणिक है, यह प्रथा कब से चली आ रही है किसी को नहीं पता पर हमें इस सांस्कृतिक विरासत को संजो कर रखना है। उक्त बातें मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने अपने गृह जनपद के ग्राम सन्धकरमरी में देव बालिफूल उत्सव को मुख्य अतिथि के आसंदी से सम्बोधित करते हुए कहा।

बस्तर के जनजातीय समाज में एक से बढ़कर एक अनूठी सांस्कृतिक परम्पराएं हैं जिनका परिपालन सदियों से होता चला आ रहा है उनमें से एक देव बालिफूल की छटा यहां देखने को मिली। हर साल यह उत्सव मनाया जाता है कभी सन्धकरमरी के ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ मोतीगांव जाते हैं तो दूसरे साल मोतीगांव के ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ सीमा पार कर सन्धकरमरी आ पहुंचते हैं। दोनों गांव के बीच दूरी करीब 7 किमी है बीच मे सरहद भी है पर यह कभी बाधा नहीं बनी। मेलजोल में, सरहद पार रोटी-बेटी का सम्बंध है और दोनों ओर भतरा जनजातीय क्षेत्र होने से सांस्कृतिक समानताएं भी है। इस कार्यक्रम में देवी देवता सहित आने वाले पूरे लोगों का सम्मान पारंपरिक लोक वाद्य यंत्र के गाजे बाजे के साथ पैर धुला कर किया गया। टीका लगाकर गमछा या सिर पर पागा बांधकर किया जाता है। देवमिलन के बाद सामूहिक भोज होता है, दोनों गांव के लोग बैठकर सुख दुख, जंगल बचाने एक दूसरे के गांव के साथ सदैव खड़े रहने का संकल्प लेते हैं।

मोतीगांव से से चैतू सिरहा, बुधराम कलार, लैखन पुजारी, तुला सिरहा, भास्कर पुजारी, विद्या पुजारी, राजमन पुजारी, सरपंच नवीना, चित्रकला कलार लखन भतरा, सन्धकरमरी से पूर्व सरपंच तुलाराम बघेल, दामोदर कश्यप, मेघनाथ नाग, बेनीराम कश्यप, सुंदर सेठिया समेत दोनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण इस उत्सव के सहभागी बने।

### कचरा निपटान और वेंटिलेशन की होगी विशेष व्यवस्था

# 1.25 करोड़ का आधुनिक मटन मार्केट स्वच्छता और व्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम नगर के सुनियोजित विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। जिसके तहत नगर पंचायत को नया और व्यवस्थित मटन मार्केट बनाने के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस परियोजना से नगर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं में बड़े स्तर पर सुधार की उम्मीद है। नगर पंचायत

■ **एक ही परिसर में होंगी सभी दुकानें**

गीदम के अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि यह मटन मार्केट केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि गीदम को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक नगर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से नगरवासियों की मांग थी कि मटन और मांस की दुकानें एक ही स्थान पर हों, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था से बचा जा सके। इसके लिए मांसाहार सामग्री बेचने वाले व्यवसायियों की एक बैठक नगर पंचायत में आयोजित हुई थी जिसमें सभी व्यापारियों ने एक जगह पर व्यवसाय करने की प्रतिबद्धता जताई थी। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य करती है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना ही हमारी प्रतिबद्धता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि स्वीकृत योजना के तहत बनने वाला यह मटन मार्केट पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद नगर में बिखरी हुई सभी मटन एवं संबंधित दुकानों को एक ही परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा। इससे मुख्य बाजार और रिहायशी इलाकों में लगने वाली भीड़, यातायात जाम और कचरे की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। मार्केट में साफ-सफाई, जल निकासी, कचरा निपटान और वेंटिलेशन की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे हाइजीन के मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। अध्यक्ष ने कहा हमारा लक्ष्य गीदम को एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए विकास, स्वच्छता और जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह मटन मार्केट उसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी इससे सुविधा होगी। ग्राहकों को एक ही जगह पर साफ-सुथरे माहौल में सामग्री मिल सकेगी।

### जिला प्रशासन और विधायक का जताया आभार

इस स्वीकृति के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर एवं स्थानीय विधायक का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नगर के हर विकास कार्य में नगर के सभी 15 पार्षद हमेशा तत्पर रहते हैं और अपना पूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन



और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। विकास कार्यों में मिल रहे इस समर्थन से नगर पंचायत का मनोबल बढ़ा है और आने वाले समय में और भी जनहित की योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगरवासियो के विश्वास और सहयोग से ही हम गीदम के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर पाएंगे। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की नहीं, हम सबकी है। नगर पंचायत के अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही इस परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मार्केट के निर्माण से न केवल स्वच्छता बढ़ेगी, बल्कि दुकानदारों को भी बेहतर माहौल में व्यवसाय करने का अवसर मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे नगर हित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताया है।

## नए शिक्षा सत्र की तैयारियों को लेकर विकासखंड स्तरीय हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नए शिक्षा सत्र के सुचारू संचालन को लेकर विकासखंड गीदम की महत्वपूर्ण बैठक जावांगा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बुलाई गई इस बैठक में आगामी सत्र शुरू होने से पहले की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति जनपद गीदम के अध्यक्ष दिनेश कौशल ने की। इस दौरान जनपद सदस्य पवन कर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

इसके अलावा समस्त संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं प्रधान अध्यापक बैठक में शामिल हुए। बैठक में विद्यालय प्रारंभ होने से पूर्व की जाने वाली तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। अधिकारियों ने सभी स्कूलों में साफ-सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर सर्वे कर स्कूल से बाहर रह गए बच्चों को जोड़ने की रणनीति बनाई गई। दिव्यांग विद्यार्थियों का विशेष सर्वे कर उन्हें जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई। साथ ही उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरों को चिन्हित कर साक्षर बनाने के लक्ष्य पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य पुस्तकें और गणवेश उपलब्ध कराने के लिए वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम ने कहा कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई संसाधनों के अभाव में नहीं रुकनी चाहिए। बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने संकुल के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें और कमियों को तुरंत दूर करें। शिक्षा समिति अध्यक्ष दिनेश कौशल ने कहा कि शिक्षा सत्र की बेहतर शुरुआत के लिए सभी का समन्वय जरूरी है। जनपद सदस्य पवन कर्मा ने शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने की बात कही। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि विकासखंड गीदम के हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाई जाएगी।

# पंचायत विकास योजना पर जनपद स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत विकास योजना के प्रभावी निर्माण एवं क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण विकास योजनाएं तैयार करने तथा सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक तथा मितानिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पंचायत विकास योजना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षकों द्वारा स्थानीय सतत विकास के नौ प्रमुख लक्ष्यों, गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, बंधित एवं अबंधित निधियों के प्रभावी उपयोग, पंचायत उन्नयन सूचकांक, बाल सभा एवं महिला सभा की भूमिका तथा ग्राम विकास में उनकी सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही पंचायतों में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित उपयोग और जनभागीदारी को बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में संकाय सदस्यों, करारोपण अधिकारी तथा पीरामल फाउंडेशन की टीम ने प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं की प्राथमिकता तय करने, विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह पंचायत व्यवस्था विकसित करने संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की।

## ऋषभ बने ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ युवा कांग्रेस नेता ऋषभ सुराना को ब्लॉक कांग्रेस गीदम का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन की मुख्य कार्यकारिणी में शामिल किए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन द्वारा दी गई यह जिम्मेदारी युवा नेतृत्व पर बढ़ते विश्वास और जनहित के मुद्दों पर उनकी निरंतर सक्रियता का प्रमाण मानी जा रही है। वे लंबे समय से कांग्रेस संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एनएसयूआई से की और छात्र राजनीति से लेकर कांग्रेस संगठन तक लगातार सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। समय के साथ उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का लगातार प्रयास किया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया दौरा सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने सोमवार को कोंटा विकासखण्ड के दूरस्थ अंचल जगरगुंडा क्षेत्र के कोंडासावली, सुरपनगुड़ा, चिंतलनार और जगरगुंडा का दौरा कर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं जनचौपाल की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र

■ **जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर किया जाएगा समाधान**

निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान उन्होंने सुरपनगुड़ा में आयोजित एक विवाह समारोह में भी शामिल हुए और नवदंपत्ति को शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने चिंतलनार, पोटकपल्ली और किस्टाराम पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात की तथा संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा पश्चात बुडकेल में बीआरओ द्वारा निर्माणाधीन लोहे की पुलिया का निरीक्षण कर दौरे के पश्चात वे भद्राचलम के लिए रवाना हो गए।

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं, सड़क, बिजली, पेयजल एवं अन्य जनसमस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऋषभ चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पोंदी, जनपद सदस्य दीपक कोसमा, अरुण शुक्ला, राजा ठाकुर, अंजू, बोडकेल तथा सुरपनगुड़ा के सरपंच सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के दौरे को लेकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

## घोर नक्सल प्रभावित रहे गांव पुवर्ती में लगा सुशासन शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिले के कोंटा विकासखंड के दूरस्थ एवं संवेदनशील ग्राम पुवर्ती में आयोजित सुशासन तिहार शिविरों ने शासन की जनहितकारी पहल को नई मजबूती प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के तहत प्रशासन स्वयं ग्रामीणों के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने इस पहल के प्रति उनके विश्वास और उत्साह को दर्शाया। नक्सल समस्या के कारण वर्षों से बुनियादी दस्तावेजों एवं शासकीय सेवाओं के लिए भटकने वाले ग्रामीणों को अब गांव में ही सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में पुवर्ती में आयुष्मान कार्ड, नवीन खाता, राशन कार्ड, बी-1, खसरा, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज मौके पर ही वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था भी की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया। इस पहल से ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बचत हो रही है तथा शासन की सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को मजबूती मिल रही है। सुशासन तिहार केवल शासकीय सेवाओं के वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक सरोकारों का भी सशक्त माध्यम बना। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे ग्रामीणों में आत्मीयता और अपनत्व का वातावरण बना। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि पहली बार शासन उनके घर-आंगन तक पहुंचा है। दूरस्थ अंचलों में आयोजित ऐसे शिविर प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने के साथ-साथ समावेशी विकास एवं जनकल्याण की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। इस अवसर पर तहसीलदार योपेंद्र पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नक्सल पीड़ितों को देंगे हर संभव मदद : कलेक्टर ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में राहत एवं पुनर्वास, सड़क सुरक्षा, तथा नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर व्यवस्थाओं को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस मैराथन बैठक में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास, नए कानूनों के क्रियान्वयन, सड़क सुरक्षा और नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक का आरंभ राहत एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों की समीक्षा के साथ हुआ। बैठक के एजेंडे में 6 मई को आयोजित बैठक का पालन प्रतिवेदन, नक्सल पीड़ित परिवार को पुनर्वास योजना का लाभ दिये जाने पर चर्चा, अनुमोदन, नक्सली घटना में मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्य को आर्थिक सहायता राशि पर चर्चा अनुमोदन, शासकीय सेवा में नियुक्ति संबंधी सुविधाएं , नौकरी के स्थान पर आर्थिक सहायता राशि, आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा डम्प बरामदगी कराने पर घोषित प्रोत्साहन राशि, आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रशिक्षण अवधि का मानदेय, वर्ष 2005 में आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि, आत्मसमर्पित नक्सलियों को दिये जाने वाले आवास की जानकारी, प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार, स्वरोजगार की जानकारी, एस.आई.बी. पोर्टल अद्यतन स्थिति जैसे विभिन्न विषय शामिल थे।

बैठक में कलेक्टर ने नक्सल पीड़ित, आश्रितों को तत्काल आर्थिक एवं रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र सहित अन्य सहायता उपलब्ध कराने और हर संभव मदद देने पर जोर दिया। उन्होंने नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति जांची और अधिकारियों को इसे प्राथमिकता देने को कहा। इसके अतिरिक्त, साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान के तहत छात्रवृत्ति, आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रशिक्षण के दौरान स्टायपेण्ड और पीड़ित परिवारों को डिजिटल डेटाबेस को अपडेट करने की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए एनसीओआरडी की समीक्षा की गई। इसके एजेंडे में नशा मुक्ति अभियान के तहत पिछले माह में की गई कार्यवाही में अधिक से अधिक प्रगति लाना एवं नशे के कारोबार से संलिप्त वाहनो का जप्ती पश्चात राजसात वाहनों की तत्काल नीलामी की कार्यवाही करना और जप्त ड्रग्स का विनष्टीकरण तत्काल सुनिश्चित करना। कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही में अधिक से अधिक प्रगति लाना एवं जिला चिकित्सालय परिसर में 10 बिस्तर का ड्रग डि- ऑडिक्शन ट्रीटमेंट सेंटर संचालित करने हेतु कार्यवाही करना। कोटपा अधिनियम के अंतर्गत संयुक्त विभागों के साथ संलग्न रहकर जागरूकता अभियान मे सहयोग करना तथा सिन्थेटिक ड्रग्स से संबंधित पंजीकृत संस्था की जानकारी प्राप्त होने पर सूचित करना, इसमें नशा मुक्ति, पुनर्वास और तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कार्ययोजना शामिल रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दूरदर्शन ने हल्बा जनजाति के दुर्लभ धनकुल लोकगीत और वाद्ययंत्र धुनों की रिकॉर्डिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

हल्बा जनजाति की समृद्ध लोक परंपरा, प्राचीन वाद्ययंत्र एवं मौखिक साहित्य के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दूरदर्शन केन्द्र जगदलपुर के डायरेक्टर दिलीप उयके एवं उनके रिकॉर्डिंग दल ने तहसील दुर्गुकोंदल के ग्राम बांगाचार पहुंचकर बाबा कोठोरी चुंगादेव और आया बम्हनीन के देव कोठार में प्रसिद्ध धनकुल लोकगीत एवं धनकुल वाद्ययंत्र की विशेष रिकॉर्डिंग की।

- हल्बा जनजाति प्रकृति की उपासक तथा धनकुल वाद्ययंत्र प्राकृतिक संसाधनों से निर्मित होता है

दुरदर्शन दल के ग्राम आगमन पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पैर धोकर, पीले चावल का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वाली महिलाओं में पार्वती बघेल, कीना बघेल, राजबली बघेल, गायत्री बघेल, सुमित्रा बघेल, लच्छन दई बघेल, कनकदई, ऊषा बघेल, रज्जो बाई, कुन्ती बघेल एवं सरस्वती बघेल प्रमुख रहीं। इस दौरान समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। बाबा कोठोरी चुंगादेव पुरातात्विक एवं संरक्षण समिति, बांगाचार के संरक्षक सुकदेव बघेल, अध्यक्ष हृदय राम बघेल, उपाध्यक्ष कृष्णाराम बघेल, सचिव सीवन बघेल, कोषाध्यक्ष गुलाब बघेल सहित मिलाप बघेल, जग्गे राम बघेल, छत्रपाल बघेल, छेरका राम बघेल, मनोज कुमार बघेल, रुपसिंह बघेल एवं पानीकर बघेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में तन-मन से सहयोग दिया। धनकुल गीत की प्रस्तुति देने वाले दल में गीता बघेल, पुष्पा बघेल, ससली बघेल, सुकमा बघेल, जयबती बघेल, ललिता बघेल, भुवनवती बघेल, प्रतिमा बघेल, सुमित्रा बघेल, लक्ष्मी बघेल, सीमा बघेल एवं ज्ञानबती नाग ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया।


ब्रम्हलीन देव कोठार में प्रसिद्ध धनकुल लोकगीत है अनूठे

रिकॉर्डिंग के दौरान समिति के सलाहकार एवं लोक साहित्यकार दामेसाय बघेल ने दूरदर्शन दल को साक्षात्कार में बताया कि हल्बा जनजाति प्रकृति की उपासक है तथा धनकुल वाद्ययंत्र प्राकृतिक संसाधनों से निर्मित होता है। इसमें बांस से बने धनुष और सूपा, सिंहाड़ी बेला से बनी झीकन डोरी, खिरनी काड़ी खपची, मिट्टी की हांडी तथा पैरा से निर्मित गुंडरी का उपयोग किया जाता है।

वादन के दौरान झीकन डोरी को खींचने एवं धनुष डांडी पर खपची के घर्षण से घुम-छर, घुम-छर की मधुर ध्वनि उत्पन्न होती है, जो लोकगीतों को विशिष्ट पहचान देती है। गोंडी धर्माचार्य ने आदिम जीवन शैली से जुड़ी लोककलाओं और धनकुल गीतों के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया।

लोक साहित्यकार डॉ. कृष्णपाल राणा एवं डॉ. भागेश्वर पात्र ने इस रिकॉर्डिंग को हल्बा समाज की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण पहल बताया। रिकॉर्डिंग पूर्ण होने पर हल्बा समाज बांगाचार ने दूरदर्शन केन्द्र जगदलपुर के डायरेक्टर दिलीप उयके एवं उनके सहयोगी दल का आभार व्यक्त किया। इस पहल से क्षेत्र के संस्कृति प्रेमियों और जनजातीय समाज में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**कांकेर।** थानांतर्गत भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पेवारी पुलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक रावघाट थानांतर्गत कोलर निवासी 22 वर्षीय चंद्रपाल बघेल पिता अनिल सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए नारायणपुर के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अधेड़ की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए छोटेबेठिया थानांतर्गत तोड़हुर निवासी 47 वर्षीय दशराम एक्का पिता फिलमोन का 8 जून को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पखांजुर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पखांजुर पुलिस द्वारा शून्य में मर्ग कायम किया।

### शासकीय संगीत महाविद्यालय में बीपीए कोर्स शुरू

**जगदलपुर।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय जगदलपुर में 4 वर्षीय बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। संचालन की व्यवस्था शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में की गई है। पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। कोर्स में प्रवेश के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है तथा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश प्राप्त कर सकता है। पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस 1700 रुपये निर्धारित है। विगत दिनों कुलपति डॉ. लवली शर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संगीत शिक्षा के विस्तार एवं गुणवत्ता संवर्धन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

### सुरेश गुप्ता नियुक्त हुए मुख्य आयुक्त



**जगदलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बस्तर में सुरेश प्रसाद गुप्ता को जिला मुख्य आयुक्त का दायित्व सौंपा गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत सुरेश गुप्ता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे एवं संगठन को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जिले में स्काउट-गाइड आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने, विद्यालयों में नई इकाइयों के गठन, युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने तथा सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त दशरु राम यादव, मुख्यालय आयुक्त मनोज महापात्र, सचिव नितेश देवांगन, प्रशिक्षण आयुक्त जेपी पाठक, संगठन आयुक्त (गाइड) मीरा हिरवानी, ब्लॉक सचिव राजकिशोर तिवारी तथा गाइडर जयंती लोहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। सभी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जिला बस्तर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों का और अधिक विस्तार होगा तथा युवाओं में सेवा, संस्कार और नेतृत्व के मूल्यों को नई दिशा मिलेगी।

## शाला प्रवेशोत्सव, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विभिन्न आयोजनों की कार्ययोजना पर चर्चा

# प्रैक्टिसिंग प्राथमिक शाला के शताब्दी वर्ष समारोह की तैयारियां युद्धस्तर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक प्रैक्टिसिंग प्राथमिक शाला अपने 100 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। इस गौरवपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए शताब्दी वर्ष समारोह एवं विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2026 की तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य तेज कर दिया गया है।

इसी कड़ी में मंगलवार को हाईस्कूल प्रैक्टिसिंग मांझापारा कांकेर में जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शताब्दी वर्ष समारोह, शाला प्रवेश उत्सव, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विभिन्न आयोजनों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा। साथ ही विद्यालय की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान को प्रदर्शित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शताब्दी वर्ष के दौरान सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला भी संचालित की जाएगी। डीएमसी ने अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि शाला प्रवेश उत्सव को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए व्यापक स्तर पर डोर-टू-डोर सर्वे, प्रचार-प्रसार अभियान एवं अभिभावक संपर्क कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने विद्यालय परिसर के रंग-रोगन, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण, मॉडल स्कूल की अवधारणा को साकार करने तथा न्योता भोजन कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विशेष ध्यान देने को कहा। किसी भी शैक्षणिक संस्था के लिए 100 वर्ष पूर्ण करना अत्यंत गौरव का विषय है। प्रैक्टिसिंग प्राथमिक शाला कांकेर ने एक शताब्दी तक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अब यह अवसर उसके गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का है। शाला प्रवेश उत्सव बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने तथा अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।



आयोजित बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी केजू राम सिन्हा, बीआरसी खुशाल गजभिए, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की तैयारी शुरू

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगारपरक कौशल और औद्योगिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर आकाश छिकारा ने योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिले के सभी संबंधित विभागों को नियत अवधि में वार्षिक कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने का निर्देश दिए हैं।

राज्य शासन के द्वारा जारी आदेश के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु इस योजना को धरातल पर क्रियान्वयन करने हेतु प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना जिला निगरानी समिति प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। कलेक्टर इस समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि एडिशनल कलेक्टर या संयुक्त कलेक्टर को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिला स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग और दैनिक समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर लॉगिन आईडी का निर्माण तुरंत किया जाना है। इसके लिए अधिकृत अधिकारियों का पूरा नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी तुरंत विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि डेटा ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग निर्बाध रूप से की जा सके। इस योजना के माध्यम से जिले के 18-25 आयु वर्ग के युवाओं को लक्षित किया जा रहा है, जिसमें पुरुष और महिला जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा शामिल है। बस्तर जिले के कुल सात विकास खंड में फैले गैर-इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज और विश्वविद्यालय इस अभियान का हिस्सा बनेंगे ताकि युवाओं तक इस योजना की पहुँच बनाई जा सके।

### कैंपस ड्राइव, रोड शो और कम्युनिटी प्रोग्राम की तैयारी

कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों और इंजीनियरिंग कॉलेज व आईटीआई के प्रमुखों को आपस में समन्वय कर पहल किए जाने कहा गया है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उद्योग विभाग मिलकर कैम्पस ड्राइव, रोड शो और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।

# सुशासन एवं विकास के 12 वर्षों पर भाजपा ने लिया विकसित भारत निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल द्वारा स्थानीय शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की निरंतर उन्नति, समृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा पर चर्चा की तथा उनके नेतृत्व में हुए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया। पूजा-अर्चना के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी अनेक योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास, डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा गरीब कल्याण की योजनाओं के प्रभाव से आम नागरिकों को सीधे लाभ प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है और भाजपा कार्यकर्ता इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।



इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष फूलीसिंह मंडावी, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, शकुंतला नरेटी, सिरों कोमरे, मनोज दुग्गा, पुनारत दास मानिकपुरी, युवा मोर्चा महामंत्री रामकिशोर सिन्हा, हितेश कुमार, मीडिया प्रभारी संजय उयके सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पालिका में कल से स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 से 30 जून तक देशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद कांकेर द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं, गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों के लिए स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला आयोजित किया जाएगा।

नगरपालिका कांकेर के सीएमओ पवन कुमार मेरिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को वित्तीय समावेश, डिजिटल सशक्तिकरण तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को बिना गारंटी के प्रथम चरण में 15 हजार रुपएं, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपएं तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपएं तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा तथा समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज सब्सिडी का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्वनिधि महोत्सव का आयोजन 12 जून को पुराना कम्युनिटी हॉल कांकेर में सुबह साढ़े 10 बजे से किया जाएगा। इसके अलावा लोक कल्याण मेला शिविरों का आयोजन 16 जून को न्यू कम्युनिटी हॉल, 19 जून को नगरपालिका परिषद के सभाकक्ष तथा 23 जून को पुराना कम्युनिटी हॉल कांकेर में किया जाएगा। अभियान के समापन पर 24 जून को नगरपालिका परिषद सभाकक्ष में सुबह 11 बजें से दोपहर 2 बजें तक पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। शिविरों में हितग्राहियों को बिना गारंटी ऋण, डिजिटल भुगतान पर प्रतिमाह 100 रुपएं तक कैशबैक तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की सुविधा प्रदान की जाएगी।




मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने सभी ठेला, खोमचा, रेहड़ी एवं फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ उठाएं और अपने व्यापार को आगे बढ़ाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त करें।

### भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से प्रकाश शांडिल्य को मिला अवसर

**कांकेर।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। जिले के ग्राम मालगांव निवासी प्रकाश शांडिल्य इसका जीवंत उदाहरण हैं। भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता ने उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता का संचार किया है। प्रकाश शांडिल्य ने बताया कि उनके पास स्वयं की कृषि भूमि नहीं है और वे मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। राज्य शासन द्वारा संचालित भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। इस राशि का उपयोग वे अन्य किसानों की भूमि अधिया पर लेकर खेती करने में कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना से मिली सहायता के कारण उन्हें खेती करने का अवसर मिला, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। अतिरिक्त आय से परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और भविष्य के प्रति उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। यह योजना भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। शासन की यह पहल जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना जिले के अनेक भूमिहीन मजदूर परिवारों के लिए सहारा बन रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता उन्हें खेती एवं अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने केया श्रमदान

# पीएम मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लोहत्तर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिलेभर में जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को दुर्गुकोंदल मंडल के ग्राम लोहत्तर स्थित मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं बल्कि सेवा का संकल्प बनाया है। उनके नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत अभियान आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छता अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व बन गई है। सेवा, स्वच्छता और संस्कार भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यशैली का मूल मंत्र है। युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है और भाजयुमो का प्रत्येक कार्यकर्ता समाजहित, राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। भाजयुमो महामंत्री राहुल जाम्भुरकर एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों और जनसेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने स्वच्छता, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। अभियान में भाजयुमो महामंत्री राहुल जाम्भुरकर, सह मीडिया प्रभारी रविन्द्र भालेश्वर, मुकेश कोमरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, जमुना साहू, कमलेश जैन, आसाडू राम, बाबूलाल गावड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व तथा भाजयुमो कांकेर जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज